भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2053**
11 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: किसानों की औसत दैनिक आय**

**2053. श्री आनंद भदौरिया:**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है कि देश में कृषि से होने वाली किसानों की औसत दैनिक आय कम से कम न्यूनतम मजदूरी के बराबर हो;

(ख) देश में राज्यवार कितने किसानों की औसत दैनिक कृषि आय न्यूनतम मजदूरी से अधिक है; और

(ग) देश में राज्यवार कितने किसानों की औसत दैनिक कृषि आय न्यूनतम मजदूरी से कम है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (ग): भारत सरकार किसानों के कल्याण को बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रयोजनार्थ सरकार ने किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से विभिन्न नीतियों, सुधारों, विकासात्मक कार्यक्रमों और योजनाओं को क्रियान्वित किया है, जिनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई), प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई), उत्पादन लागत का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करना, एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ), 10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन, प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा), संशोधित ब्याज छूट योजना (एमआईएसएस), राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम), स्टार्ट अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष (एग्रीश्योर), एकीकृत कृषि विपणन योजना- राष्ट्रीय कृषि बाजार (आईएसएएम ई-नाम), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) आदि शामिल हैं।

देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि वर्ष जुलाई, 2018- जून, 2019 के संदर्भ में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा किए गए सर्वेक्षण के नवीनतम एनएसएस 77वें दौर के अनुसार, विभिन्न स्रोतों से प्रति कृषक परिवार की औसत मासिक आय 10,218/- रुपये प्रति माह अनुमानित की गई है। चूंकि, वर्ष 2019 में किए गए अंतिम सर्वेक्षण के पश्चात प्रति कृषक परिवार की औसत मासिक आय के अद्यतन आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए न्यूनतम मजदूरी के साथ ऐसी तुलना संभव नहीं है। इसके अतिरिक्त, देश में उन किसानों की संख्या जिनकी औसत दैनिक कृषि आय न्यूनतम मजदूरी से कम या अधिक है, की विस्तृत राज्यवार सूचना केंद्रीय रूप से नहीं रखी जाती है।

******